व्याख्या –गीदड़ नृत्य शेखावटी क्षेत्र में होली के दिनों में पुरुषों द्वारा हाथों में दो छोटे डंडे लेकर गोल घेरे में स्वांग के साथ सामूहिक नृत्य किया जाता है। **डांडिया नृत्य** मारवाड़ क्षेत्र में होली के बाद 20-25 पुरुषों के समूह द्वारा दोनों हाथों में लम्बी छड़ियाँ धारण करके वृत्ताकार रूप में किया जाता है। **ढोल नृत्य** जालौर का यह प्रसिद्ध नृत्य विवाह के अवसर पर माली, ढोली, सरगढ़ा, भील आदि जाति के पुरुषों द्वारा सामूहिक रूप से किया जाता है। **बमरसिया नृत्य** अलवर-भरतपुर क्षेत्र में होली के अवसर पर नई फसल आने की खुशी में पुरुषों द्वारा किया जाता है।

330. लोक नाट्य की कला को बढ़ावा देने के लिए, किस थिएटर की स्थापना की गई?

(a) राम प्रकाश रंगमंच, महाराजा रामसिंह द्वितीय द्वारा
(b) राज मंदिर थियेटर, सवाई जय सिंह द्वारा
(c) पोलो विक्ट्री थियेटर, सवाई जयसिंह द्वारा
(d) मदरसा-ए-हुनारी, महाराजा राग सिंह द्वितीय द्वारा

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (a) : लोक नाट्य की कला को बढ़ावा देने के लिए महाराजा रामसिंह द्वारा 1879ई. में जयपुर में रामप्रकाश रंगमंच की स्थापना की गई। सवाई रामसिंह द्वितीय कला प्रेमी थे। उनके शासन काल में जयपुर में कला और संस्कृति अपने चरम पर थी।

331. हाल ही में, रामदयाल शर्मा को पद्मश्री से नवाजा गया। वे निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में योगदान के लिए प्रसिद्ध है?

(a) नौटंकी कला (b) तबला
(c) सितार (d) शास्त्रीय गायन

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (a) : भरतपुर जिले के निवासी पंडित राम दयाल शर्मा नौटंकी कला के प्रसिद्ध कलाकार है। राम दयाल को वर्ष 2022 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इन्होंने नौटंकी के अतिरिक्त स्वांग, ब्रज-रसिया, भगत तथा रासलीला के भी कलाकार हैं।

332. चारबैत क्या है?

(a) नाथ समुदाय के जुड़ा प्रसिद्ध नृत्य
(b) गैर नृत्य के साथ प्रयुक्त वाद्य
(c) गरासिया जनजाति से जुड़ा गीत
(d) काव्य से भरपूर एक लोकनाट्य विधा

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (d) : चारबैत काव्य से भरपूर एक लोकनाट्य विधा है। इसे कलाकारों के एक समूह द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। यह मुख्य रूप से राजस्थान के टोंक जिले में प्रचलित है।

333. लोकनाट्य चारबैंत किस शहर से संबंधित है?

(a) उदयपुर (b) अलवर
(c) टोंक (d) भरतपुर

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (c) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

334. लोक नाट्यकार दूलिया राणा एवं नानूराम किस ख्याल से सम्बद्ध हैं?

(a) जयपुरी (b) कुचामनी
(c) हेला ख्याल (d) शेखावटी ख्याल

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (d) : ख्याल			**नाट्यकार**
(i)	जयपुरी ख्याल	-	गुणीजन खाना के कलाकार
(ii)	कुचामनी ख्याल	-	लच्छीराम
(iii)	हेला ख्याल	-	शायर हेला
(iv)	शेखावटी ख्याल	-	दुलियाराणा, सोहनलाल, नानूराम राणा

335. विख्यात लोकनाट्कार नानूराम किस ख्याल से संबंधित रहे?

(a) शेखावाटी ख्याल (b) जयपुरी ख्याल
(c) तुर्रा ख्याल (d) कुचामनी ख्याल

फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा-2021 (Ex. Dt. 29-01-2022)

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

336. ''रम्मत'' लोक नाटक को निभाने वाले पात्र को ....के रूप में जाना जाता है।

(a) शिव (b) भवैया
(c) खेलार (d) इनमें से कोई नहीं

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (c) – रम्मत लोक नाटक का उद्भव होली के अवसर पर जैसलमेर एवं बीकानेर में होने वाली लोक काव्य प्रतियोगिता से हुआ। इस संगीत नाट्य को निभाने वाले पात्र 'खेलार' के रूप में जाना जाता हैं। रम्मत के मुख्य वाद्य नगाड़ा और ढोलक आदि होते हैं। मनीराम व्यास, तुलसीराम, फागू महाराज, सूआ महाराज आदि प्रमुख रम्मत लेखक हैं।

337. राजस्थान के किस क्षेत्र में रम्मत नाट्य का उद्भव हुआ-

(a) बीकानेर, जैसलमेर (b) नागौर, बाड़मेर
(c) जयपुर, भरतपुर (d) अलवर, सीकर

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

338. निम्नलिखित में से कौन सा नाटक भवाई शैली में लिखा गया है जो राजस्थान में प्रसिद्ध है?

(a) अंजन सुंदरी (b) मैना सुंदरी
(c) जैस्मा ओडेन (d) रासधार

Live Stock Asst. (TSP Area)-2016
Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (c) : जैस्मा ओडेन, शांता गांधी द्वारा लिखा गया एक लोक नाटक है जो भवाई शैली में लिखा गया है। यह गुजरात की सीमा से लगे राजस्थानी क्षेत्रों में खेला जाने वाला राजस्थान का प्रसिद्ध नाटक है। इस नाटक का विषय आम आदमी के संघर्ष से संबंधित है जो उच्च व निम्न वर्ग के संघर्ष को दर्शाता है। भवाई नाट्य के जन्मदाता बाघा जी है। यह उदयपुर संभाग की भवाई जाति का लोक नाट्य है। कृष्णा व्यास छंगणी भवाई नृत्य से संबंधित है।

339. निम्न में से कौन राजस्थान के भवाई लोकनृत्य से संबद्ध है?

(a) फाल्कू बाई (b) शांती देवी
(c) कृष्णा व्यास छंगाणी (d) मांगी बाई

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020
JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।